**<u>कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)</u>**
**<u>अगस्त 2021 माह का सारांश</u>**

**माह के मुख्य कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:**

1. श्रम संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने पीएमकेवीवाई के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके), श्रीनगर का ऑन-द-स्पॉट अध्ययन दौरा किया था और 23 अगस्त, 2021 को उम्मीदवारों, प्रशिक्षकों और नियोक्ताओं के साथ बातचीत की थी। इसके अलावा, समिति ने श्रीनगर में एमएसडीई, जम्मू-कश्मीर एसएसडीएम और एनएसडीसी के अधिकारियों के साथ पीएमकेवीवाई और संकल्प स्कीमों की स्थिति की भी समीक्षा की।

2. "राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण स्कीम" (एनएटीएस) के विस्तार के संबंध में एमएसडीई द्वारा प्रस्तावित "शिक्षुता अधिनियम, 1961" में संशोधन और उच्च शिक्षा विभाग (डीएचई), शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के मंत्रिमंडल नोट के प्रारूप पर चर्चा करने के लिए 17 अगस्त, 2021 को माननीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक संचालित की।

3. एमएसडीई ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 के अंतर्गत देश के कोने-कोने में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के कुशल स्वास्थ्य पेशेवरों और संबद्ध पेशेवरों की मांग को पूरा करने, मौजूदा स्वास्थ्य पेशेवरों पर भार को कम करने और समय पर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कोविड योद्धाओं हेतु विशिष्ट रूप से तैयार क्रैश कोर्स कार्यक्रम' शुरू किया है। 03.09.2021 तक, कुल 21,478 उम्मीदवारों ने कार्यक्रम में नामांकन किया, जिनमें से 11,370 उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक कक्षा प्रशिक्षण पूरा किया।

4. राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड), नोएडा और भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई) के कामकाज की समीक्षा करने के लिए माननीय राज्य मंत्री, कौशल विकास और उद्यमशीलता की अध्यक्षता में गुवाहाटी में दिनांक 09.08.2021 को एक बैठक आयोजित की गई थी।

5. जीएफआर, 2017 के नियम 242 (2) (iv) (क) के अनुसार, राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड), नोएडा की 2018-19 और 2019-20 अवधि की वार्षिक रिपोर्टें (एआर) संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखी गई।

6. एनसीवीईटी के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 11वीं बैठक 31 अगस्त, 2021 को आयोजित की गई, जिसमें 84 अर्हताएं अनुमोदन के लिए समिति के

समक्ष प्रस्तुत की गईं। समिति ने 52 अर्हताओं को अनुमोदित किया, 31 अर्हताओं को सशर्त रूप से अनुमोदित किया गया और 01 अर्हता को अस्वीकृत किया गया। इसके साथ, अब तक कुल 4475 अर्हताओं को एनएसक्यूएफ से संरेखित किया गया है।

7. संकल्प (आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन तथा ज्ञान जागरूकता) के तहत माह के दौरान प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

क. वाराणसी और चंदौली के 4 ब्लॉकों में कार्यान्वित संकल्प के तहत 'आरपीएल के माध्यम से पंचायत के विकासात्मक क्रियाकलापों में कौशल प्रमाणित श्रमिकों की भागीदारी' हेतु एक समीक्षा बैठक 4 अगस्त 2021 को अपर सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

ख. महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (एमजीएनएफ) चरण-II परियोजना के लिए आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा का परिणाम आईआईएम बैंगलोर द्वारा 4 अगस्त, 2021 को घोषित किया गया। चयनित उम्मीदवारों को प्रवेश प्रक्रिया के दूसरे चरण के लिए आमंत्रित किया गया।

ग. तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप और पुडुचेरी राज्य स्तर के अधिकारियों के लिए 5 दिवसीय क्षमता-निर्माण कार्यक्रम 9 अगस्त, 2021 को प्रारंभ किया गया।

घ. संकल्प के तहत आजादी का अमृत महोत्सव हेतु मंत्रालय की पहल के भाग के रूप में निम्नलिखित आरपीएल शिविर आयोजित किए गए:

   i. "टू व्हीलर सर्विस टेक्निशियन" जॉब रोल के लिए 2 अगस्त से 4 अगस्त, 2021 तक ओडिशा के भद्रक जिले के अधुआन गांव में पहला आरपीएल कैंप आयोजित किया गया और आरपीएल का दूसरा बैच 12 अगस्त से 14 अगस्त, 2021 तक उसी गांव में मोटर वाहन कौशल विकास परिषद (एएसडीसी) द्वारा आयोजित किया गया।

   ii. दूसरा शिविर एएसडीसी द्वारा "टू व्हीलर सर्विस टेक्निशियन" जॉब रोल के लिए 17 से 19 अगस्त, 2021 तक तेलंगाना के मंचेरियल जिले के वेंकटपुर गांव में आयोजित किया गया।

   iii. तीसरा शिविर एएसडीसी द्वारा "टू व्हीलर सर्विस टेक्निशियन" जॉब रोल के लिए 24 से 26 अगस्त, 2021 तक ओडिशा के बालेश्वर जिले के राणासाही गांव में निर्धारित है।

ङ. पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) के सचिव और अपर सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में 12 अगस्त, 2021 को 'आरपीएल के माध्यम से पंचायत के विकासात्मक क्रियाकलापों में कौशल प्रमाणित श्रमिकों की भागीदारी' परियोजना के राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार हेतु एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक का उद्देश्य

आरपीएल प्रायोगिक के विस्तार की योजना प्रस्तुत करना और एमओपीआर से आवश्यकताओं और अपेक्षाओं पर चर्चा करना था।

च. 24 अगस्त, 2021 को गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान राज्यों और 31 अगस्त, 2021 को असम, मेघालय, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश राज्यों के साथ संकल्प के अंतर्गत राज्यों द्वारा कार्यान्वित विभिन्न क्रियाकलापों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

छ. औरंगाबाद में ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद (एएसडीसी), जीआईजेड जीएमबीएच, महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास सोसाइटी (एमएसएसडीएस), और मराठवाड़ा ऑटो क्लस्टर (एमएसी) द्वारा किए जा रहे एमएसडीई के क्लस्टर-आधारित टीओटी पहल के अंतर्गत टीओटी बैचों का उद्घाटन 26 अगस्त, 2021 को किया गया। दो ट्रेडों के लिए बैच 1) सीएनसी ट्रेनर और 2) एडवांस वेल्डिंग टेक्नोलॉजीज शुरू किए गए।

ज. संकल्प के तहत जारी की गई धनराशि के पुनर्विनियोजन के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव को स्वीकृत और सूचित कर दिया गया है।

झ. दिव्यांगों (पीडबल्यूडी) के लिए प्रायोगिक (प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण) टीओटी अकादमी हेतु सहयोगी दृष्टिकोण का पता लगाने के लिए कौशल परिषद (एससीपीडब्ल्यूडी) और विदेशी राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफडीसीओ) के साथ यूके में 26 अगस्त, 2021 को एक बैठक आयोजित की गई।

ञ. संकल्प कार्यक्रम के टीए घटक के अंतर्गत विश्व बैंक से प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए 01.04.2021 से 30.06.2021 तक की अवधि के लिए कुल 1,27,26,379/- रुपए की अंतरिम अलेखापरीक्षित वित्तीय रिपोर्ट (आईयूएफआर), लेखा-सहायता और लेखा परीक्षा नियंत्रक (सीएएए) को अग्रेषित की गई।

ट. संकल्प परियोजना के डीएलआई 1 वर्ष 3 (2019-20) के अंतर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ आईवीए द्वारा प्रस्तुत सत्यापन रिपोर्ट विश्व बैंक को अग्रेषित की गई, साथ ही 48,25,055 यूएस डॉलर की राशि को जारी करने के अनुरोध के साथ डीएलआई सौंपा गया।

ठ. "कार्यस्थल पर जेंडर संचेतना और यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच) पर कौशल प्रशिक्षण" संबंधी परियोजना की समग्र प्रगति की निगरानी के लिए अपर सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में एक परियोजना संचालन समिति (पीएससी) का गठन किया गया है।

ड. संकल्प के अंतर्गत 10 राज्यों को वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान इसके उपयोग के लिए स्वीकृत धनराशि के पुन: वैधीकरण के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है और राज्यों को सूचित कर दिया गया है।

8. माह के दौरान राष्ट्रीय कौशल विकास कोष (एनएसडीएफ) की प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

क. 1,67,01,124 रुपए की कुल परियोजना लागत के साथ 800 युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एनएसडीएफ, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

ख. परामर्श, पुनर्प्रशिक्षण और पुनर्नियोजन (सीआरआर) स्कीम के कार्यान्वयन के लिए एनएसडीएफ, एनएसडीसी और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन दिनांक 20.08.2019 के अंतर्गत दूसरी किस्त के उत्तर-पूर्व क्षेत्र घटक के लिए एनएसडीसी को 10 लाख रुपए का वितरण किया गया।

9. **<u>प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा की गई पहलें:</u>**

क. स्ट्राइव (औद्योगिक मूल्य वृद्धि के लिए कौशल सुदृढ़ीकरण) के तहत स्थिति:

i. मदुरै ज्वैलरी कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड इंडस्ट्री क्लस्टर का त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पहली किस्त के रूप में 40.00 लाख रुपये और एसएएमसी दिल्ली को 47.86 लाख रुपये के स्वीकृति आदेश तैयार किए गए हैं और अगले सप्ताह तक राज्यों को धनराशि जारी की जाएगी।

ii. वित्तीय वर्ष 2021-22 में एसएएमसी तमिलनाडु के लिए तमिलनाडु राज्य को 54.78 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।

ख. ईएसडीआई स्कीम के तहत नगालैंड राज्य को 442.80 लाख रुपए जारी किए गए।

ग. 20 राज्यों के लिए शिक्षुता अनुवीक्षण प्रकोष्ठों (एसएएमसी) के लिए समीक्षा बैठक सह-क्षमता निर्माण कार्यशालाओं (वीसी) का आयोजन किया गया।

घ. पाठ्यक्रम मैपिंग और तैयारी पर एनएसडीसी के साथ आयोजित तकनीकी सत्र जिसमें उद्योग समूहों और क्षेत्र कौशल परिषदों ने भाग लिया।

ङ. आईटीआई इकोसिस्टम के लिए आवश्यक विभिन्न मुद्दों और सुधारों पर चर्चा करने के लिए 25 राज्यों के 150 से अधिक आईटीआई के साथ तीन परस्पर संगोष्ठी (वीसी) आयोजित की गई।

च. पीएमकेवीवाई 3.0 के कार्यान्वयन में निमी द्वारा अनुसरण की जाने वाली वित्तीय प्रक्रियाओं पर चर्चा करने हेतु आईटीआई में पीएमकेवीवाई के कार्यान्वयन के लिए एक हितधारक समिति की बैठक 17 अगस्त को आयोजित की गई।

छ. दक्षता संबंधी एक संशोधित वित्तीय शीट और नोट तैयार किया गया था और हितधारकों द्वारा समीक्षा के लिए 12 अगस्त 2021 को साझा किया गया।

ज. भारत में आईटीआई के लिए वर्तमान व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (वीईटी) इकोसिस्टम की चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने और इनमें आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए 26 और 27 अगस्त 2021 को राज्यों के सचिवों के साथ दो दिवसीय कार्यशाला (वीसी) आयोजित की गई।

झ. अगस्त, 2021 के महीने में दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत 584 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। स्थापना के बाद से, दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत 1645 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

ञ. बेहतर नियोजन के लिए संस्थान-उद्योग सम्बद्ध राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के सचिवों के साथ 27 अगस्त, 2021 को एक वर्चुअल बैठक संचालित की गई।

ट. एनएसटीआई की ब्रांडिंग को विशेषज्ञता के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए अंतिम रूप दिया गया है और प्रासंगिक आदेश जारी किया गया।

ठ. इंडो-जर्मन व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 45 एनएसटीआई मास्टर प्रशिक्षकों के लिए अध्यापन प्रशिक्षण नामांकन को अंतिम रूप दिया गया और कार्यक्रम पहले बैच के लिए 13/09/2021 से निर्धारित है।

ड. सभी एनएसटीआई में अमृत महोत्सव और फिट इंडिया क्रियाकलाप आयोजित किए गए।

ढ. आजादी का अमृत महोत्सव का डिजिटल प्रचार - डीजीटी, एनएसटीआई, आरडीएसडीई और एनसीवीटीएमआईएस आदि की सभी वेबसाइटों पर बैनर और लोगो लगाना।

ण. नेटएकेड कार्यक्रम सीसीएनएवी7- मॉड्यूल 2 के अंतर्गत 14 मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण 6 स्थानों पर नव स्थापित सिस्को नेट अकादमी से शुरू हुआ। इसके अलावा अगस्त के महीने में सिस्को नेट अकादमी के तहत उपलब्ध विभिन्न नव युग के पाठ्यक्रमों के अंतर्गत लगभग 576 प्रशिक्षुओं ने नामांकन कराया।

त. 4 एनएसटीआई (डब्ल्यू) में उपलब्ध सीएसआर के अंतर्गत क्वेस्ट एलायंस से मोबाइल फोन लाइब्रेरी सहायता को एनएसटीआई (डब्ल्यू) शिमला तक बढ़ा दिया गया है, इस प्रकार आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं की सहायता हेतु कुल 05 एनएसटीआई (डब्ल्यू) हैं।

थ. सभी हितधारकों को संदेश भेजने के लिए एनसीवीटीएमआईएस के साथ एनआईसी संदेश एप्लिकेशन का एकीकरण शुरू किया गया।

द. आईटीआई की जियो टैगिंग के लिए एनएसडीसी के साथ आईटीआई जियो-लोकेशन डेटा साझा किया गया।

ध. भारत कुशल पोर्टल (https://bharatskills.gov.in): जुलाई 2021 तक उपभोक्ताओं की संख्या 2,833,841 (~28 लाख) और अगस्त 2021 में: 2,07,921 (2.0 लाख) रही। [अगस्त 2021 में लगभग 7% वृद्धि रही]

*******